प्रेषक,

राम अवतार प्रसाद

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/

विशेष न्यायालय (पॉक्सो), कोर्ट सं० 3, मऊ।

सेवा में,

श्रीमान महानिबन्धक

माननीय उच्च न्यायालय,

इलाहाबाद

द्वारा,

श्रीमान जनपद न्यायाधीश,

जनपद न्यायालय- मऊ।

<u>विषय- वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2020-2021 पर पुर्नविचार किये जाने के संबंध में ।</u>

महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि प्रार्थी द्वारा वर्ष 2020-2021 का प्रेषित स्व- मूल्यांकन प्रपत्र ई-सर्विस पर दिनांक 08.07.2021 को अपलोड किया गया है। प्रार्थी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश /विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) कोर्ट सं०-3, मऊ के पीठासीन अधिकारी के रूप में दिनांक 01.04.2020 से कार्यरत है। प्रार्थी के स्व-मूल्यांकन प्रपत्र में वास्तविक कार्यदिवस 198 है, जिसके एवज में वास्तविक कार्य 649.44 units होते है। वर्ष 2020-2021 में कुल छुट्टिया/अवकाश 167 दिवस है। जिसका प्रतिदिन 3.28 unit के हिसाब से कुल 547.76 units होते है। प्रार्थी द्वारा छुट्टियो एवं अवकाश के 547.76 units छोड़कर कुल 198 वास्तविक कार्यदिवस के एवज में 1095.70 units वास्तविक कार्य किया है। छुट्टियो/अवकाश दिवस एवं वास्तविक कार्यदिवस मिलाकर कुल 365 दिवस के एवज में वास्तविक कार्य 1095.70+547.76 = 1643.46 units हो रहा है।

माननीय जनपद न्यायाधीश मऊ द्वारा वार्षिक प्रविष्टि दिनांक 08.07.2021 के कालम 01(g.) में इस आधार पर टिप्पणी लिखा गया है कि "Target- 1200 units, achievements 1095.70 units. The officer has given out turn of 1095.70 units (with stenographer) which is below the prescribed target. However keeping in view the restricted functioning of Courts during the year due to Covid-19, the disposal of work may be considered adequate."

जबकि प्रार्थी द्वारा वर्ष 2020-2021 में निर्धारित लक्ष्य 1200 units के एवज में कुल कार्य 1643.46 units किया है। इस प्रकार से प्रार्थी द्वारा एक वर्ष में निर्धारित लक्ष्य के अनुसार पर्याप्त कार्य किया गया है। ऐसे में वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2020-2021 के कालम 01(g.) में अंकित टिप्पणी को निरस्त करते हुए प्रार्थी द्वारा एक वर्ष में निर्धारित लक्ष्य 1200units के एवज में कुल किये गये कार्य 1643.46 units को पर्याप्त स्वीकार किया जाना एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि पर पुनः विचार किया जाना न्यायसंगत है।

अतः माननीय महोदय से विनम्र अनुरोध है कि वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि वर्ष 2020-2021 के कालम 01(g.) में अंकित टिप्पणी को निरस्त करते हुए प्रार्थी द्वारा एक वर्ष में **निर्धारित लक्ष्य 1200units** के एवज में कुल **किये गये वास्तविक कार्य 1643.46 units** को पर्याप्त स्वीकार किये जाने एवं वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि पर पुनः विचार किये जाने हेतु माननीय महोदय के समक्ष प्रस्तुत करने की कृपा करें।

"सादर"

दिनांक-28.07.2021

भवदीय, 28.07.2021

(राम अवतार प्रसाद)

अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/

विशेष न्यायालय (पॉक्सो), कोर्ट सं० 3, मऊ।

<u>I.D.No. - UP 6465</u>

<u>Office of the District Judge-Mau.</u>

Letter No. 1220/Admin-XIV Dated: 28/07/ 2021

Forwarded for information and necessary action.

District Judge
Mau.
28-07-2021